उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

आयोग भवन, हरिद्वार

Website: www.ukpsc.gov.in

संख्या :: 334 /10/E-3/H.C.S./2017-18 दिनाँक :: 17 मार्च, 2021

विज्ञप्ति

(मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुवादक, टाईपिस्ट एवं असिस्टेंट लाईब्रेरियन (मुख्य) परीक्षा–2018)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्याः 01/विज्ञापन/ई–3/2018–19 दिनांक 10.12.2018, तथा शुद्धि पत्र संख्याः 62/10/ई–3/H.C.S./2017–18 दिनांक 04. 10.2019 द्वारा विज्ञापित सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुवादक, टाईपिस्ट एवं असिस्टेंट लाईब्रेरियन के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु प्रारम्भिक (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा के परिणाम दिनांक 13.05.2020 में मुख्य परीक्षा हेतु औपबंधिक रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के मुख्य परीक्षा से पूर्व ऑनलाईन आवेदन पत्र में किए गए शैक्षणिक, आरक्षण एवं अन्य समस्त दावों का मूल प्रमाण पत्र/अभिलेखों से मिलान अनुक्रमांकवार दिनांक 23, 24 एवं 25 मार्च, 2021 तथा 05, 06, 07, 08, 09 अप्रैल, 2021 तक तथा मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 29. 04.2021 से 30.04.2021 तक हरिद्वार नगर में स्थित उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के परीक्षा भवन में किया जायेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर उपलब्ध है। अभिलेखीय सत्यापन हेतु अर्ह अभ्यर्थी अनुक्रमांकवार अपनी निर्धारित तिथि को अभिलेख सत्यापन हेतु आयोग कार्यालय में प्रातः 9:30 बजे उपस्थित होगें। तथा अर्ह अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** से अपने प्रवेश पत्र दिनांक 14 अप्रैल, 2021 से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को पृथक से डाक द्वारा प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम एवं अभिलेखों के मिलान/परीक्षण हेतु अनुदेश का आवश्यक रूप से अवलोकन करना सुनिश्चित करें।

-SD-
(कर्मेन्द्र सिंह)
सचिव।